मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी

स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 आगाज के बाद मोहल्लो में चलाया गया जागरूकता अभियान

ब्यूरो रागिनी श्रीवास्तव

शाहजहांपुर (विधान केसरी)। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 आगाज के बाद नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा कूड़ा निस्तारण हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तथा मेरा कूड़ा मेरी जिम्मदारी के अन्तर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में मोहल्ला जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज नगर के रायफल क्लब शाहजहाँपुर में मोहल्ला जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा शर्मा जी उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण,संभ्रान्त व्यक्तियो,कर्मचारियो एवं नगर वासियो से घर का कूड़ा घर में ही इकट्ठा करने,गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने पर नगर निगम की गाड़ी आने पर उसमें डिब्बो मे कूड़ा डालने हेतु अपील की गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा समस्त नगर वासियो से नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु साफ-सफाई मे सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। आफीसर्स हरित कचरा निस्तारण यंत्र भी अधिकारी के घरो मे लगवाया गया। जिसमें गीले कचरे से घरो में खाद् बनती है। जिला जज महोदय के सरंक्षण में व जिलाधिकारी/प्रशासक की अध्यक्षता में आफीसर्स कालोनी में एक मोहल्ला समिति बनायी गयी, जिसमे प्रमुख अधिकारी अपर जिलाधिकारी, अपर जिला जज,नगर मजिस्ट्रेट और ट्रेजरी आफीसर्स जिनका काम यह देखना होगा कि आफीसर्स कालोनी के प्रत्येक घर से कूड़ा पृथक-पृथक (गीला तथा सूखा कचरा) रखा जाये और गीले कचरे से कम्पोस्ट बनाया जाये एवं सूखे कचरे को रिसाईलिंग के लिये दे दिया जाये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय द्वारा यह भी घोषणा की गई कि उक्त सीमित का कार्य यह भी चेक करना होगा कि आफीसर्स कालोनी मे घरो मे सबसे साफ आवास कौन सा है स्वच्छ आवास में निवास करने वाले को पुरस्कृत व गन्दे अव्यस्थित आवास में निवास करने वाले पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है।

अपने उपहार को जीवन भर सुरक्षित रखने के लिये दें एक वृक्ष

शाहजहांपुर। उप नगर आयुक्त आशुतोष कुमार दुबे जिन्होंने अपनी पत्नी अर्पिता दुबे के जन्मदिन पर उन्हें उपहार में एक बरगद का वृक्ष दिया। जिसको नगर निगम द्वारा चलाई जा रही योजना उपहार उपवन के अंतर्गत ककरा पार्क में रोपित किया गया।